Regarding need to convert Rosera Railway Station into a Junction

श्रीमती शांभवी **(समस्तीपुर) :** सभापति महोदय, आपने समस्तीपुर लोकसभा क्षेत्र से संबंधित इतने महत्वपूर्ण विषय को सदन में उठाने का मौका दिया । पहली बार की सांसद होने के नाते यह किसी सौभाग्य से कम नहीं है कि आपका शून्यकाल उस दिन लग जाये, जब विपक्ष की वजह से सदन स्थगित न हो । सबसे पहले हम माननीय रेल मंत्री जी और रेल मंत्रालय का आभार व्यक्त करते हैं कि हमारे विशेष आग्रह पर उन्होंने अमृत भारत ट्रेन को रोसड़ा स्टेशन पर रोकने की पहल की है । रोसड़ा स्टेशन को रोसड़ा घाट के नाम से जाना जाता है, आज मेरी मांग उससे संबंधित है । रोसड़ा स्टेशन प्रतिवर्ष रेलवे को करोड़ों का राजस्व देता है और यहां पर यात्रियों का भारी संख्या में आना-जाना भी है । इसके बावजूद भी इस स्टेशन को अभी वो दर्जा नहीं मिला है, जिसका यह स्टेशन असली हकदार हैं । तकनीकी समस्याओं की वजह से यहां पर लंबी दूरी की ट्रेन नहीं रुकती है । किसी भी स्टेशन को जंक्शन बनाने के लिए जरूरी है कि तीन दिशा में वहां से रेल लाइन हो । पूर्व में प्रस्तावित था कि रोसड़ा से कुशेश्वर होते हुए दरभंगा एक रेल लाइन जुड़े और अगर यह रेल लाइन जुड़ जाती है, तो रोसड़ा स्टेशन ऑटोमैटिकली रोसड़ा जंक्शन बन जायेगा इससे यहां पर लंबी दूरी की ट्रेन भी रूक पायेगी । यहां पर जो व्यापारी हैं उनको भी सुविधा होगी और जो उत्तर बिहार में यातायात की समस्या है, जो यातायात का भार है उसे कम करने की भी एक अच्छी पहल होगी । यह हमारी पार्टी के संस्थापक श्रद्धेय राम विलास पासवान जी की भी बहुत पुरानी मांग और एक सपना रहा है, इसीलिए आपके माध्यम से, सदन के माध्यम से मेरी सरकार से यह मांग है कि रेल मंत्रालय इस पर ध्यान दे और रोसड़ा स्टेशन को जंक्शन में परिवर्तित करने के लिए ठोस कदम उठाये ।